# आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
## प्रादेशिक समाचार

**दिनांक: 18.04.2026** **समय : 18.30 पीएम**

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज रात साढे आठ बजे राष्ट्र को संबोधित करेंगे।**
- **केंद्रीय मंत्रिमंडल ने केंद्र के कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के महंगाई भत्ते में दो प्रतिशत बढ़ोतरी की।**
- **मौसम विभाग ने कल से प्रदेश के पूर्वी हिस्सों में भीषण गर्मी और लू चलने की चेतावनी जारी की।**
- **राजस्थान लोकसेवा आयोग ने आरएएस भर्ती परीक्षा 2024 का अंतिम परिणाम जारी किया।**

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज रात साढे आठ बजे राष्ट्र को संबोधित करेंगे। महिला आरक्षण से जुडे संविधान संशोधन विधेयक के गिर जाने के एक दिन बाद प्रधानमंत्री यह संबोधन कर रहे हैं। विपक्षी दलों द्वारा समर्थन नहीं मिलने के कारण महिला आरक्षण विधेयक दो तिहाई बहुमत पाने में असफल रहा। इस कारण लोकसभा में इसे पारित नहीं करवाया जा सका। परिसीमन के माध्यम से महिलाओं के लिए आरक्षण लागू करने से जुड़ा प्रस्तावित कानून लंबी बहस के बाद पारित नहीं हो सका।

000

संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित होने के बाद बजट सत्र का समापन हो गया है। लोकसभा में सत्र के समापन भाषण में अध्यक्ष ओम बिरला ने बताया कि बजट सत्र के दौरान 93 प्रतिशत कामकाज हुआ।

--------------------

राज्यसभा में सत्र के समापन भाषण में सभापति सी पी राधाकृष्णन ने कहा कि कुल मिलाकर सदन 157 घंटे से अधिक समय तक चला और लगभग 110 प्रतिशत कामकाज हुआ। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने संसद के बजट सत्र को उत्पादक और सफल बताया है। संसद पुस्तकालय भवन में बजट सत्र के समापन के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए श्री रिजिजू ने कहा कि इस सत्र में केंद्रीय बजट और कई महत्वपूर्ण विधेयक सफलतापूर्वक पारित हुए।

000

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने केंद्र सरकार के कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के महंगाई भत्ते यानी डी–ए में दो प्रतिशत बढ़ोतरी को मंजूरी दी है। यह वृद्धि इसी साल एक जनवरी से प्रभावी मानी जाएगी। इस फैसले के बाद अब महंगाई भत्ता बढ़कर मूल वेतन का साठ प्रतिशत हो गया है। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इस कदम से देश के पचास लाख से अधिक कर्मचारियों और करीब अड़सठ लाख पेंशनभोगियों को सीधा लाभ मिलेगा। इससे सरकारी खजाने पर हर साल छह हजार सात सौ करोड़ रुपये से अधिक का अतिरिक्त वित्तीय भार पड़ेगा। मंत्रिमण्डल की बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों के जाल को मजबूत करने के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तीसरे चरण को मार्च 2028 तक जारी रखने की स्वीकृति भी दी गई। सरकार ने इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए लगभग चौरासी हजार करोड़ रुपये के बजट का प्रावधान किया है। इसके अलावा, समुद्री व्यापार और जहाजों के बीमा को आसान बनाने के लिए भारत मैरीटाइम इंश्योरेंस पूल बनाने का भी फैसला लिया गया है।

000

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि कानून निर्माण में विधायी मसौदा अत्यंत महत्वपूर्ण होता है और इसकी भाषा स्पष्ट और सरल होनी चाहिए। श्री देवनानी आज जयपुर में 'अंतर्राष्ट्रीय विधायी मसौदा' विषय पर आयोजित 37वें अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विधान सभा में विधेयक पारित करने की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी है, जहाँ हर पहलू का बारीकी से विश्लेषण किया जाता है।

इस कार्यक्रम में बांग्लादेश, भूटान, केन्या और तंजानिया सहित 17 देशों के 43 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। श्री देवनानी ने विधान सभा की 75वीं वर्षगांठ और डिजिटल शासन का उल्लेख करते हुए इसे 'लोकतंत्र का सच्चा मंदिर' बताया। उन्होंने भारत के अमृत काल का जिक्र करते हुए कहा कि राष्ट्र वर्ष 2047 तक बड़े लक्ष्यों के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने डिजिटल संग्रहालय को जनता और सदन के बीच जुड़ाव का एक महत्वपूर्ण सेतु बताया।

000

मौसम विभाग ने प्रदेश में कल से ही भीषण गर्मी और लू चलने की चेतावनी जारी की है। विभाग के अनुसार, मध्य राजस्थान के ऊपर बने एक नए मौसम तंत्र के कारण प्रदेश में गर्मी का असर और तेज होगा। आईएमडी ने राज्य के पूर्वी जिलों में कल से 22 अप्रैल तक लू चलने के आसार जताए हैं। वहीं, पश्चिमी इलाकों में 21 और 22 अप्रैल को भीषण गर्मी और लू चलने की संभावना है। इस बीच पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के कुछ स्थानों पर पारा 44 डिग्री सैल्सियस के करीब पहुँच गया, जो सामान्य से पांच डिग्री तक अधिक है। दिन के साथ–साथ अब रात के तापमान में भी बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। मौसम विभाग ने आमजन को दोपहर की तेज धूप से बचने और पर्याप्त मात्रा में तरल पदार्थों का सेवन करने की सलाह दी है।

000

इस वर्ष हज के लिए 371 हज यात्रियों का पहला जत्था आज नई दिल्ली से सऊदी अरब के मक्का के लिए रवाना हुआ। जायरीन इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से मक्का के लिए रवाना हुए। अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय के सचिव डॉ. श्रीवत्स कृष्णा ने पहली उड़ान को रवाना किया। संवाददाताओं से बातचीत में दिल्ली हज कमेटी की अध्यक्ष कौसर जहां ने व्यवस्थाओं की जानकारी देते हुए कहा कि जायरीन के सहयोग के लिए समन्वित प्रयास किए जा रहे हैं। अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने हज यात्रियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने सुगम, सुरक्षित और आरामदायक हज सुनिश्चित करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया। इधर राजस्थान से हज की उडाने 20 अप्रैल से शुरू होंगी। इनमें साढे चार हजार से अधिक जायरीन सऊदी अरब के लिए उडान भरेंगे।

000

उत्तर पश्चिम रेलवे के 77 स्टेशनों के आधुनिकीकरण और पुनर्विकास के कार्य को मंजूरी दी गई है। महाप्रबंधक अमिताभ ने बताया कि इन स्टेशनों को नया स्वरूप देने के लिए योजनाबद्ध तरीके से काम किया जा रहा है। वर्तमान में दस स्टेशनों पर निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है और रेलवे का लक्ष्य इस वर्ष के अंत तक लगभग पचास स्टेशनों का पुनर्विकास कार्य पूरा करने का है। इसके साथ ही, जयपुर के खातीपुरा रेलवे स्टेशन को एक बड़े टर्मिनल के रूप में विकसित किया जा रहा है।

000

राजस्थान लोकसेवा आयोग की ओर से आरएएस भर्ती परीक्षा 2024 का अंतिम परिणाम आज जारी कर दिया गया है। आयोग के सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि एक हजार 96 पदों के लिए हुई इस परीक्षा के साक्षात्कार दिसम्बर 2025 से शुरू हुए थे जो कल सम्पन्न हुए। उन्होंने बताया कि इनमें राज्य सेवा के 428 और अधीनस्थ सेवा के 6 सौ 68 पद होंगे। परीक्षा में बाडमेर के दिनेश विश्नोई मेरिट सूची में पहले स्थान पर रहे है।

000

विश्व धरोहर दिवस आज मनाया जा रहा है। ये दिन विश्व धरोहर स्थलों और उनकी सुरक्षा के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। साथ ही यह दिन सांस्कृतिक और प्राकृतिक विरासत की विविधता, संवेदनशीलता और महत्व के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देता है। इस अवसर पर

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए राज्य की समृद्ध ऐतिहासिक विरासत को सहेजने का आह्वान किया है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान के ऐतिहासिक स्थल हमारी विशिष्ट संस्कृति और गौरवशाली परंपरा के प्रतीक हैं, जिन पर हर प्रदेशवासी को गर्व है।

..................

गौरतलब है कि राजस्थान की कला और स्थापत्य शैली पूरे विश्व में अपनी विशिष्ट पहचान रखती है और राज्य के कई स्मारक विश्व धरोहर सूची में शामिल हैं।

000

राज्य सरकार ने प्रदेश की विभिन्न कृषि उपज मण्डी समितियों में 21 करोड़ 26 लाख रुपये से अधिक के विकास कार्यों को स्वीकृति दी है। इस राशि का उपयोग मण्डियों में नए यार्ड के निर्माण और बिजली से जुड़े कार्यों के लिए किया जाएगा। इन विकास कार्यों के तहत झालावाड़ की चौमहला, कुचामन सिटी, बारां, कोटा और प्रतापगढ़ की कृषि उपज मण्डियों में आधारभूत ढांचे को मजबूत किया जाएगा।

000